# हिंदी (मल्हार)

## अभ्यास प्रश्न-पत्र - 1

**(सत्र: 2026–2027)**

**(कक्षा – VI)**

**निर्धारित समय** : **2 घंटे 30 मिनट** **पूर्णांक : 60**

### सामान्य निर्देश

1. प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं: खंड 'क', 'ख', 'ग' तथा 'घ'।
2. सभी प्रश्न ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए निर्देशों के अनुसार उत्तर दीजिए।
3. जहाँ विकल्प दिए गए हैं, वहाँ निर्देशानुसार आवश्यक प्रश्न ही कीजिए।
4. प्रश्नों के अंक उनके साथ दिए गए हैं।

### खंड – क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[4]**

जल हमारे जीवन का आधार है। पानी के बिना मनुष्य, पशु-पक्षी और पेड़-पौधे जीवित नहीं रह सकते। वर्षा से नदियाँ, तालाब और कुएँ भरते हैं। खेतों में फसलें उगती हैं और चारों ओर हरियाली दिखाई देती है। लेकिन यदि हम पानी को व्यर्थ बहाएँ और जल-स्रोतों को गंदा करें, तो भविष्य में जल की कमी हो सकती है। इसलिए हमें पानी का सावधानी से उपयोग करना चाहिए और वर्षा के पानी को सँभालकर रखना चाहिए।

(क) पानी के बिना कौन-कौन जीवित नहीं रह सकते? (कोई दो लिखिए।)

(ख) वर्षा होने से किन जल-स्रोतों को लाभ मिलता है?

(ग) पानी की कमी किस कारण हो सकती है?

(घ) हमें पानी का उपयोग किस प्रकार करना चाहिए?

**2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[3]**

पहली बूँद जब धरती पर आई,
सूखी धरती मुसकाई।
अंकुर फूटा, हरियाली छाई,
फिर से धरती नई-सी दिखाई।
बादल गरजे, बूँदें बरसीं,
जीवन की आशाएँ फिर से हँसीं।

(क) पहली बूँद के धरती पर आने से क्या हुआ?

(ख) अंकुर फूटने के बाद धरती में क्या परिवर्तन आया?

(ग) कविता में वर्षा को जीवनदायिनी क्यों कहा जा सकता है?

## खंड – ख (भाषा एवं व्याकरण)

**3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों के लिए एक-एक शब्द लिखिए तथा किन्हीं दो मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।** **[4]**

(क) जल को धारण करने वाला — ________

(ख) आँख के लिए प्रयुक्त दूसरा शब्द — ________

(ग) 'लट्टू होना' का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

(घ) 'फूले न समाना' का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

**4. निम्नलिखित शब्दों/वाक्यों से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[4]**

(क) 'घर-घर' और 'बाल-बाल' जैसे किसी दो शब्द-युग्म लिखिए।

(ख) 'कल' शब्द के दो अलग-अलग अर्थ लिखिए।

(ग) 'फूट' शब्द का प्रयोग दो अलग-अलग अर्थों में दो वाक्यों में कीजिए।

(घ) 'दया' और 'दिया' जैसे एक मात्रा के अंतर वाले एक शब्द-युग्म लिखिए।

**5. निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम-चिह्न लगाइए।** **[2]**

(क) वाह कितना सुंदर दृश्य है

(ख) माँ ने पूछा तुमने पाठ पढ़ लिया

**6. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[4]**

(क) 'सुलतान बहुत सुंदर घोड़ा था।' वाक्य में विशेषण शब्द पहचानिए।

(ख) 'बाबा भारती दयालु व्यक्ति थे।' वाक्य में विशेषण शब्द पहचानिए।

(ग) 'मैं उसे कल बुलाऊँगा।' वाक्य में सर्वनाम पहचानिए।

(घ) 'उन्होंने हमें बुलाया।' वाक्य में सर्वनाम पहचानिए।

(ङ) 'मोहन ही विजेता बना।' वाक्य में निपात पहचानिए।

**7. निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।** **[2]**

1. आरंभ — ________
2. लाभ — ________
3. उजाला — ________

## खंड – ग (पाठ्यपुस्तक)

**8. निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए।** **[4]**

(i) 'मातृभूमि' कविता में हिंद महासागर के लिए कौन-सा शब्द आया है?

(क) चरण　　(ख) हिमालय

(ग) वंशी　　(घ) सिंधु

(ii) 'गोल' पाठ में लोगों ने मेजर ध्यानचंद को 'हॉकी का जादूगर' क्यों कहना शुरू कर दिया?

(क) उनके हॉकी खेलने के विशेष कौशल के कारण
(ख) उनकी हॉकी स्टिक की विशेषता के कारण
(ग) हॉकी के लिए उनके लगाव के कारण
(घ) उनकी खेल भावना के कारण

(iii) 'पहली बूँद' कविता में 'नव-जीवन की ले अँगड़ाई' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

(क) बादल
(ख) बूँद
(ग) अंकुर
(घ) पावस

(iv) 'रहीम के दोहे' के अनुसार हर छोटी-बड़ी चीज़ के बारे में क्या समझना चाहिए?

(क) बड़ी चीज़ ही उपयोगी होती है
(ख) हर छोटी-बड़ी चीज़ का अपना महत्व होता है
(ग) छोटी चीज़ को छोड़ देना चाहिए
(घ) केवल महँगी वस्तु उपयोगी होती है

**9. स्तंभ 'क' का स्तंभ 'ख' से सही मिलान कीजिए।** **[2]**

| स्तंभ – क | स्तंभ – ख |
|---|---|
| 1. सुलतान | (क) रामप्रसाद 'बिस्मिल' की माता |
| 2. 'पहली बूँद' | (ख) बाबा भारती का घोड़ा |
| 3. 'मेरी माँ' | (ग) वर्षा और धरती के नवजीवन का वर्णन |
| 4. 'मातृभूमि' | (घ) भारत की प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक महिमा |

**10. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30–40 शब्दों में दीजिए।** **[8]**

(क) 'मातृभूमि' कविता में श्रीकृष्ण ने क्या सुनाया था?
(ख) 'गोल' पाठ के अनुसार ध्यानचंद की सफलता का क्या रहस्य था?
(ग) 'पहली बूँद' कविता में बारिश की पहली बूँद से धरती का हर्ष कैसे प्रकट होता है?
(घ) 'हार की जीत' में बाबा भारती ने डाकू खड्गसिंह से कौन-सा वचन लिया?
(ङ) 'रहीम के दोहे' में सच्चे मित्र की पहचान किस प्रकार बताई गई है?
(च) बिस्मिल को साहसी बनाने में उनकी माता जी ने कैसे सहयोग दिया?

**11. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 60–70 शब्दों में दीजिए।** **[4]**

(क) 'हार की जीत' में "दोनों के आँसुओं का उस भूमि की मिट्टी पर परस्पर मेल हो गया।" - किस-किस के आँसुओं का मेल हुआ था और दोनों के आँसुओं में क्या अंतर था?

**अथवा**

(ख) 'रहीम के दोहे' में "रहिमन धागा प्रेम का..." दोहे का भाव अपने शब्दों में लिखिए।

**12. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 80–100 शब्दों में दीजिए।** **[4]**

(क) 'मेरी माँ' के आधार पर बताइए कि बिस्मिल की माता जी ने स्वयं को परिवार के अनुकूल कैसे ढाला और अपनी इच्छाशक्ति के बल पर स्वयं को कैसे शिक्षित किया।

**अथवा**

(ख) 'गोल' पाठ के आधार पर बताइए कि मेजर ध्यानचंद स्वयं से पहले दूसरों को कैसे रखते थे और उनकी खेल-भावना किस प्रकार दिखाई देती है।

## खंड – घ (रचनात्मक लेखन)

**13. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100–120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** **[5]**

(क) वर्षा ऋतु का एक दिन

संकेत-बिंदु :

- वर्षा का आगमन
- प्रकृति में परिवर्तन
- पेड़-पौधे
- बच्चों की खुशी
- आपका अनुभव

**अथवा**

(ख) मेरी माँ / मेरा अभिभावक

संकेत-बिंदु :

- व्यक्तित्व
- अच्छी आदतें
- मेरे लिए योगदान
- उनसे मिली सीख

**14. अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को पुस्तकालय में हिंदी की नई पुस्तकें मँगवाने के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए।** **[5]**

**15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80–100 शब्दों में अपने विचार लिखिए।** **[5]**

(क) यदि मैं एक खेल-संवाददाता होता/होती

**अथवा**

(ख) जल की एक बूँद की आत्मकथा